तेरे नाम का सुमिरन करके मेरे मन में सुख भर आया लिरिक्स

तेरे नाम का सुमिरन करके,
मेरे मन में सुख भर आया,
तेरी कृपा को मैंने पाया,
तेरी दया को मैंने पाया,
तेरे नाम का सुमिरण करके,
मेरे मन में सुख भर आया।bd।

दुनिया की ठोकर खाके,
जब हुआ कभी बेसहारा,
ना पाकर अपना कोई,
जब मैंने तुझे पुकारा,
हे नाथ मेरे सिर ऊपर,
तूने अमृत रस बरसाया,
तेरी कृपा को मैंने पाया,
तेरी दया को मैंने पाया,
तेरे नाम का सुमिरण करके,
मेरे मन में सुख भर आया।bd।

तू संग में था नित मेरे,
ये नैना देख ना पाये,
चंचल माया के रंग में,
ये नयन रहे उलझाए,
जितनी भी बार गिरी हूँ,
तूने पग पग मुझे उठाया,
तेरी कृपा को मैंने पाया,
तेरी दया को मैंने पाया,
तेरे नाम का सुमिरण करके,
मेरे मन में सुख भर आया।bd।

जब सागर की लहरों ने,
भटकाई मेरी नैया,
तट छूना भी मुश्किल था,
नहीं दीखे कोई भी खिवैया,
तू लहर का रूप पहनकर,
मेरी नाव किनारे लाया,
तेरी कृपा को मैंने पाया,
तेरी दया को मैंने पाया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरे नाम का सुमिरण करके,
मेरे मन में सुख भर आया।bd।

तेरे नाम का सुमिरन करके,
मेरे मन में सुख भर आया,
तेरी कृपा को मैंने पाया,
तेरी दया को मैंने पाया,
तेरे नाम का सुमिरण करके,
मेरे मन में सुख भर आया।bd।

Singer – Swastika Mishra

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com